**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

पंतनगर। 08 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के गोल्डन जुबली छात्रावास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा श्रीकृष्ण जी के पूजन से किया गया। तदोपरान्त विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डा. चौहान ने श्रीकृष्ण जी की बाल लीलाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा व्यक्त की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु छात्रावास वार्डन एवं छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने श्रीकृष्ण जी को नायक के रूप में बताते हुए उनके चरित्र को अनुकरणीय बताया। निदेशक संचार एवं प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल ने विद्यार्थियों द्वारा किये गये श्रीकृष्ण जी की झांकी एवं उनकी बाल लीलाओं के दृश्य के प्रस्तुतिकरण हेतु उनकी सराहना की। इस अवसर पर सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण डा. पूनम त्यागी, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. शोभित गुप्ता, छात्रावास की वार्डन डा. रश्मि तिवारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डा. रश्मि तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अतिरिक्त श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व विश्वविद्यालय के अन्य छात्रावासों में विद्यार्थियों द्वारा एवं परिसर में परिसरवासियों द्वारा धूम–धाम से मनाया गया।



*कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

**निदेशक संचार**